आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01 सितम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ने की अपील की। कहा–स्वदेशी को ध्यान में रखें देशवासी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देर रात कानून व्यवस्था सहित लोकहित के कई प्रमुख मुद्दों पर की समीक्षा बैठक। जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही पर दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी।
- प्रदेश भर में आज से शुरू हो रहा है ''नो हेलमेट नो फ्यूल'' विशेष सड़क सुरक्षा अभियान।
- मथुरा सहित पूरे प्रदेश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया राधाष्टमी का पर्व।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश को स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कल उन्होंने कहा कि देशवासियों को स्वदेशी को ध्यान में रखना चाहिये।

**आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी। इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है। उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो। एक ही मंत्र 'वोकल फॉर लोकल'।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि त्यौहारों की खुशियों के बीच स्वच्छता पर जोर देते रहना चाहिए क्योंकि जहां स्वच्छता है, वहां त्योहारों का आनंद और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना देश के विकास के लिए बहुत जरूरी है और इसमें खेलों की बड़ी भूमिका है।

प्रधानमंत्री ने डिजिटल ऐप प्रतिभा सेतु की भी चर्चा की।

**'प्रतिभा सेतु' में उन उम्मीदवारों का डेटा रखा गया है, जिन्होंने यूपीएससी की अलग–अलग परीक्षाओं के सभी चरण पास किए, लेकिन, अंतिम मेरिट लिस्ट में उनका नाम नहीं आ पाया। इस पोर्टल से प्राइवेट कंपनियां इन होनहार स्टुडेंट्स की जानकारी लेकर उन्हें अपने यहां नियुक्ति दे सकती हैं। इस प्रयास के नतीजे भी आने लगे हैं। सैकड़ों उम्मीदवारों को इस पोर्टल की मदद से तुरंत नौकरी मिली है और वो युवा जो मामूली अंतर से रुक गए थे, अब नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल देर रात प्रदेश की कानून व्यवस्था, आईजीआरएस, सीएम हेल्प लाइन, आगामी त्योहारों की तैयारियों और बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की। लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास से वीडियो कांफ्रेसिंग में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जन समस्याओं के समाधान में लापरवाही किसी भी दशा मे अक्षम्य होगी। एक रिपोर्ट–

**वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए प्रदेश की कानून व्यवस्था समेत अनेक मुद्दों पर समीक्षा बैठक करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जन शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता बरतें। उन्होंने जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर पीड़ित की भावना का सम्मान करते हुए पूरी संवेदना के साथ उसकी समस्या, का समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मिथ्या अथवा भ्रामक रिपोर्ट लगाने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई अनिवार्य रूप से होगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से रीतेश।**

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने बेटियों की सुरक्षा को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए सभी जिलों में एन्टी रोमियो स्क्वाड को और सक्रिय करने के निर्देश दिए । मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी नवरात्र में मिशन शक्ति का नया चरण प्रारंभ होगा जिसके लिए सभी जिलों को अभी से व्यापक तैयारियां कर लेनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित जिलों की समीक्षा करते हुए राहत कार्यो को और प्रभावी बनाने के भी निर्देश दिए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छः और सात सितंबर को प्रस्तावित उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग–यूपीएसएसएससी की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा को सकुशल और पारदर्शिता से आयोजित कराने के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि परीक्षा की शुचिता, सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रश्नपत्रों की गोपनीयता, लाइव सीसीटीवी कंट्रोल रूम जैसे प्रबंधन विशेष रूप से किए जाए। –यूपीएसएसएससी की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा के लिए प्रदेश के अड़तालीस जिलो में एक हजार चार सौ उन्नयासी परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं।

**********

प्रदेश सरकार घूमंतु और विमुक्त जातियों के कल्याण के लिए एक विशेष बोर्ड का गठन करेगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में आयोजित विमुक्त जाति दिवस समारोह के दौरान की।

**जो जातियां सुविधाओं से वंचित हैं, उनके लिए जमीन के पट्टे मिले। उनके लिए मकान की सुविधा हो। जैसे हम लोगों ने अन्य जातियों को आच्छादित करना प्रारंभ किया। सिचुएशन के लक्ष्य को प्राप्त किया है। ऐसे ही यहां पर प्रदेश में एक घुमंतू जातियों का बोर्ड बनाने की आवश्यकता है। उसको बनाने के साथ ही इन जातियों को जैसे शामली के अंदर हुआ है या बनटांगिया का जो मॉडल हम लोगों ने बनाया है। हर प्रकार की सुविधाओं का लाभ उन्हें प्राप्त हो रहा है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार सभी घुमंतू जातियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

**********

प्रदेश सरकार आज से नो हेलमेट नो फ्यूल विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाएगी। सभी जिलों में यह अभियान तीस सितंबर तक जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिला सड़क सुरक्षा समिति के समन्वय से चलाया जाएगा।

**********

राज्य सरकार ने दस माह में तेरह लाख से अधिक निर्धन परिवारों को गरीबी से मुक्त करने के लिए जीरो पॉवर्टी अभियान के अंतर्गत चिन्हित किया है। पिछले दस माह में तीन लाख बहत्तर हजार से अधिक परिवारों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा चुका है। जीरो पॉवर्टी अभियान में अगस्त दो हजार पचीस तक सबसे अधिक निर्धन परिवारों की पहचान आजमगढ जिले़ में हुई जहां बयालीस हजार बयासी परिवार चिन्हित किए गये। इस अभियान के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष दो हजार सत्ताइस तक प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है।

**********

लखनऊ के गुडंबा क्षेत्र के बेहटा गांव में एक पटाखा फैक्ट्री में कल सुबह हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए ।

**********

मथुरा सहित प्रदेश भर में कल राधाष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बरसाना के श्री राधारानी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिये पुख्ता इंतजाम रहे।

**उत्तर प्रदेश सरकार ने और हमारे साथ प्रशासन ने बहुत अच्छी व्यवस्थाएं की । सुरक्षा का प्रबंध किया गया ।**

**********

लखनऊ में चल रहे यूपी टी–ट्वेंटी क्रिकेट प्रतियोगिता में कल रात बारिश से प्रभावित मुकाबले में गोरखपुर लायंस ने सुपर ओवर में कानपुर सुपर स्टार्स को हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। दोनों टीमों ने निर्धारित ओवरों में एक सौ इक्तालीस रन बनाए जिससे नतीजा तय करने के लिए सुपर ओवर का सहारा लेना पड़ा। सुपर ओवर में गोरखपुर ने कानपुर को मात्र एक रन पर समेट दिया और फिर लक्ष्य को दूसरी गेंद पर ही हासिल कर लिया।

**********

प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में आज भी भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने आज कहीं कहीं भारी बारिश के साथ साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। कल भी प्रदेश के कुछ जिलों में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में जनहानि के समाचार मिले हैं। बारिश के कारण पैदा हुए हालात को देखते हुए पीलीभीत जिले में कक्षा एक से लेकर बारहवीं तक के स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। इस बीच, पूर्वी उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर सहित आसपास के कुछ अन्य जिलों में भी बारिश का क्रम शुरू हो गया है।

**********